Seventeenth Loksabha

an>

Title : To start South Coast Railway Zone for Andhra Pradesh

श्री राम मोहन नायडू किंजरापु (श्रीकाकुलम): अध्यक्ष महोदय, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया। माननीय रेल मंत्री जी भी यहां उपस्थित हैं। यह उन्हीं का मुद्दा है।

मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी के संज्ञान में यह लाना चाहता हूं कि आंध्र प्रदेश में जो साउथ कोस्ट रेलवे जोन का मुद्दा है, वह अभी तक शुरू नहीं हुआ है। तीन साल पहले और चुनाव से पहले, जब पीयूष गोयल जी रेल मंत्री थे, उस समय उन्होंने वादा किया था, लेकिन अभी तक वह शुरू नहीं हुआ है। वर्ष 2020-21 में उसके लिए बजट का आवंटन भी हुआ था, लेकिन उसके ऊपर एक पैसा भी खर्च नहीं हुआ। पिछले महीने माननीय प्रधान मंत्री जी विशाखापट्टनम खुद आए थे। उस समय लोगों में इतनी ज्यादा आशा थी कि माननीय प्रधान मंत्री जी जरूर उसके बारे में कुछ बोलेंगे या शिलान्यास करेंगे, लेकिन कुछ नहीं हुआ।

इसलिए, मैं एक बार फिर इस विषय को माननीय रेल मंत्री जी के संज्ञान में लाना चाहता हूं कि जितना जल्द हो सके आंध्र प्रदेश के लिए साउथ कोस्ट रेलवे जोन को शुरू किया जाए।